आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 30.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- संसद का बजट सत्र कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से शुरू होगा–केन्द्रीय बजट एक फरवरी को पेश होगा।
- राज्य विधानसभा के कल से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले आज सत्तापक्ष और विपक्ष ने रणनीतिक बैठकें कीं।
- उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा–सड़क सुरक्षा सरकार और जनता की सामूहिक जिम्मेदारी है।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शहीद दिवस पर कृतज्ञ राष्ट्र का नमन।
- नागौर में आज से राज्य स्तरीय रामदेव पशु मेले की शुरूआत।

संसद का बजट सत्र कल से शुरू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से इसकी शुरूआत होगी। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण की ओर से कल लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत किया जाएगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री वर्ष 2025–26 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र से पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक इस बैठक के दौरान सरकार ने संसद सत्र का निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने में सभी राजनीतिक दलों का सहयोग मांगा। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि पहले दिन कल संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक होगी।

केन्द्रीय बजट से विभिन्न वर्गों और आम लोगों को काफी अपेक्षाएं हैं। जयपुर के युवा देवेन्द्र जैमन का मानना है कि सरकार को रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

सोलहवीं राज्य विधानसभा का तीसरा सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण से इसकी शुरूआत होगी। राज्यपाल बनने के बाद श्री बागड़े का सदन में यह पहला अभिभाषण होगा। तीन फरवरी से राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस होगी। वहीं सात फरवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अभिभाषण पर हुई बहस का जवाब देंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सदन को 40 दिन चलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

उन्होंने बताया कि सदन को पेपरलैस और हाईटेक बनाने के लिए नए कलेवर में तैयार किया गया है। सभी विधायकों की सीट पर टैबलेट लगाये गये हैं। विधानसभा की कार्य पद्धति डिजिटल बनाने के लिए विधायकों को नेवा एप्लीकेशन का सामूहिक और व्यक्तिगत दोनों तरह से प्रशिक्षण दिया गया है। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी 19 फरवरी को वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगी। विधानसभा सत्र से पहले आज भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में सत्र चलाने की सरकार की रणनीति को अंतिम

रूप दिया गया। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में विधानसभा की नापक्ष लॉबी में कांग्रेस विधायकों की बैठक हुई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आज नार्वे की राजदूत मेएलिन स्टेनर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय में इस भेंट के दौरान दोनों ने प्रदेश में निवेश के संबंध में चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा है कि सड़क सुरक्षा के लिए सार्वजनिक जागरूकता बहुत जरूरी है। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की नहीं बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री बैरवा आज जयपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के राज्य स्तरीय समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क हादसों की रोकथाम के लिए विशेष कार्य योजना पर काम कर रही है। इसके लिए यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती की जा रही है। साथ ही राजमार्गों पर वाहन चालकों के विश्राम के लिए **रेस्ट ऐरिया** बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।

समारोह में सड़क सुरक्षा के लिये समर्पित भाव से काम करने वाले कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

शाही रेलगाड़ी **पैलेस ऑन व्हील्स** आज जयपुर के गांधी नगर रेलवे स्टेशन पहुंची। अपने ग्यारहवें ट्यूर में इस ट्रेन में 9 देशों के 57 पर्यटक यात्रा कर रहे हैं। स्टेशन पर इन सैलानियों का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान लोक कलाकारों ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियां दी। पैलेस ऑन व्हील्स के निदेशक भगत सिंह लोहागढ़ ने बताया कि शाही ट्रेन की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रेन में विशेष व्यंजन परोसे जा रहे हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कि इसके माध्यम से देश की संस्कृति का भी प्रचार–प्रसार होता है।

**खबरें महाकुंभ से :–**

**एस.टी.**

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र को 4 फरवरी तक वाहन मुक्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन और भीड को नियंत्रित करने के लिए लिया गया है। मेला क्षेत्र में केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

इस बीच रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि महाकुम्भ मेले के श्रद्धालुओं के लिये मौनी अमावस्या पर रेल्वे द्वारा विशेष इंतजाम किये गये। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कल दूसरे अमृत स्नान के मौके पर महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात ट्रेनें लगातार चलती रहीं।

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि है कि हर पंचायत की रोजाना साफ–सफाई होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को महीने के चार दिन गांव में रात्रि विश्राम के निर्देश दिये। श्री दिलावर ने आज सचिवालय में पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी गांव में रहकर साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लें।

पंचायतीराज मंत्री ने प्लास्टिक उपयोग कम करने पर भी जोर दिया। उन्होंने ग्राम पंचायतों के आबादी विस्तार के लिए भूमि आवंटन संबंधी लम्बित प्रस्तावों का जल्द ही निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान–2.0 और स्वामित्व योजना की भी समीक्षा की गई।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर पर आज कृतज्ञ राष्ट्र ने उनका स्मरण किया। इस अवसर पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम, सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं और अन्य आयोजन हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बापू के समाधि स्थल **राजघाट** पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीद दिवस पर राजभवन और अन्य कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सचिवालय में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अजमेर में शहीद दिवस पर सद्‌भावना यात्रा निकाली गई। कोटपूतली–बहरोड़, बांसवाड़ा, चित्तौडगढ़, झालावाड़, कोटा, पाली, बाडमेर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर सहित अन्य स्थानों पर भी श्रद्धाजंलि कार्यक्रम हुए।

प्रदेशभर में आज से **स्पर्श कुष्ठ रोग** जागरूकता पखवाडे की भी शुरूआत हुई।

नागौर में आज से राज्य स्तरीय रामदेव पशु मेला शुरू हुआ। जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने मेले का विधिवत शुभारंभ किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि 12 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में तीन से छह फरवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगें।

दुनियाभर में अपनी खास पहचान बना चुके जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आज शुभारम्भ हुआ। तीन फरवरी तक चलने वाले जेएलएफ के 18वें संस्करण में दुनियाभर से लेखक, विचारक और कलाकार गहन चर्चा और विचार–विमर्श करेगें। इस दौरान कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी।